तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि

मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार, 19 दिसंबर 2024


14 मनखे मनखे एक समान के संदेश से गूंजा शहर



14 अखाड़ा दल के बच्चों ने किया शौर्य प्रदर्शन





## छाता पहाड़, पंचकुंड, जन्म स्थल, सफुरा तालाब, अमृत कुंड, चरण कुंड में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

# गुरु घासीदास के श्रद्धालुओं का गिरौदपुरी में जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

संत बाबा गुरुघासीदास की जन्म एवं तपोभूमि धाम में 18 दिसंबर को जन्म जयंती मनाने हजारों श्रद्धालु पहुंचे और गिरौदपुरी जन्मभूमि एवं तपोभूमि में धूमधाम से बाबा की जयंती मनाई गई। कई श्रद्धालु मनोकामना के लिए भुईयां लोट मारते हुए पहुंचे और दर्शन करने के लिए छाता पहाड़, पंचकुंडीय, जन्म स्थल, सफुरा तालाब, अमृत कुंड चरण कुंड में श्रद्धालुओं की तांता लगा रहा। पिछले वर्ष से इस वर्ष ज्यादा श्रद्धालुओं रेलमपेल भीड जुटे हुए थे। गुरू घासीदास बाबा जी की 268 वीं जयंती के अवसर पर प्रशासनिक व्यवस्था साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी। हर वर्ष यहां मेले का आयोजन भी किया जाता है। बाबा गुरुघासीदास ने सनातन धर्म के लिए मनखे मनखे एक समान का नारा दिया था समाज के लोग इस दिन बडे उत्साह के साथ बाबा गुरूघासीदास की जयंती पर जगह जगह जैतखाम की पूजा अर्चना कर श्वेत झंड़ा चढ़ाया गया। सुबह से ही गिरौदपुरी धाम बाबा गुरुघासीदास के अनुयायी गुरुगद्दी पर माथा टेकने पहुंचे और सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान बडी संख्या में कार, जीप, बस, पिकअप, मेटाडोर मोटर साइकिल , आटो इत्यादि वाहनों से दर्शनार्थी पहुंचे थे।





### गुरु घासीदास जयंती पर निकाली शोभायात्रा

*लवन। गुरु घासीदास जयंती पर नगर के मुख्य मार्ग स्थित बाबा गुरु घासीदास चौक में सतनामी समाज द्वारा बुधवार को गुरु बाबा की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। दोपहर से ही धूमाल बाजे के साथ हजारों लोगों शोभायात्रा में शामिल होकर नगर के सतनामी पारा मेन रोड से होते हुए मिशन रोड कोरदा रोड तक भ्रमण किया गया।*

### घासीदास बाबा ने समाज को दी सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा



18 दिसंबर 1756 को गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में ऊंच–नीच, छुआछूत, झूठ और कपट का बोलबाला था। उनका जन्मस्थान छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले में अब बलौदाबाजार जिले के गिरौद नामक ग्राम में बताया जाता है। पिता महंगू दास तथा माता अमरौतिन के घर जन्मे गुरु घासीदास ने समाज को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनकी सत्य के प्रति अटूट आस्था थी, उसी कारण उन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए, जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पड़ा। घासीदास ने जहां समाज में एकता बढ़ाने का कार्य किया, वहीं भाईचारे और समरसता का संदेश भी दिया। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता है। अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग उन्होंने मानवता के सेवा कार्य के लिए किया। उनके इस व्यवहार और प्रभाव के चलते लाखों लोग उनके अनुयायी बन गए और इस तरह छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ की स्थापना हुई।

### गुरु बाबा का संदेश आज भी प्रासंगिक

सतनाम संप्रदाय के लोग गुरु घासीदास को अवतारी पुरुष के रूप में मानते हैं। उन्होंने अपनी तपस्या से अर्जित की शक्तियों से कई चमत्कारिक कार्य करके लोगों को दिखाएं। समाज के लोगों को उनके द्वारा दिया गया प्रेम, मानवता का संदेश और उनकी शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। उनके भक्त मानते हैं कि गुरु घासीदास द्वारा बताया गया रास्ता अपना कर ही अपने जीवन तथा परिवार की उन्नति हो सकती है। गुरु घासीदास के मुख्य रचनाओं में उनके 7 वचन सतनाम पंथ के सप्त सिद्धांत के रूप में प्रतिष्ठित हैं। इसलिए सतनाम पंथ का संस्थापक भी गुरु घासीदास को ही माना जाता है।

### चरण कुंड, अमृत कुंड छाता पहाड़ में लगी रही भीड़

गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि एवं सतनामी समाज का प्रसिद्ध धार्मिक स्थल गिरौदपुरी में भक्तों का मेला लगता हैं, जहां उनके चरणकुंड, अमृतकुंड, छाता पहाड़ आदि स्थलों के दर्शन वे लाभ लेते हैं। गुरु घासीदास की जयंती पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में 18 दिसंबर से करीब एक माह तक बड़े पैमाने पर उत्सव के रूप में मनाया जाता है। सद्विचार तथा एकाग्रता बढ़ाने के लिए बाबा घासीदास की जयंती मनाना अतिआवश्यक हो जाती है, क्योंकि इससे लोगों को सद्कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

## खबर संक्षेप

### भाजपा मंडल अध्यक्षों की जाएगी घोषणा आज

**गिधौरी।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव महा पर्व इन दिनों छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी बुथ और मंडल सहित अन्य संगठन चुनाव चल रहे हैं। इसी कड़ी में 19 दिसंबर को भाजपा मंडल मुख्यालय नगर पंचायत टुण्डरा चंडी चौक में दोपहर दो बजे भारतीय जनता पार्टी मंडल टुण्डरा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष की घोषणा होगी। इस संगठन चुनाव महापर्व पर चुनाव प्रभारी और मुख्य अतिथि के रूप में धनंजय साहू उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि एवं सहचुनाव प्रभारी सत्यभामा साहू एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वर्तमान भाजपा मंडल अध्यक्ष छत्तराम साहू करेंगे। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी मंडल चुनाव प्रभारी धनंजय साहू द्वारा भारतीय जनता पार्टी मंडल टुण्डरा के नये मंडल अध्यक्ष की घोषणा क्षेत्र के समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में करेंगे। साथ ही संगठन के अन्य पदाधिकारियों की नियुक्त और उसके गठन पर विस्तार से चर्चा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

### रेडक्रॉस समिति का चुनाव गुप्त मतदान से हुआ



**पवनी।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के जिला इकाई के मनोनीत अध्यक्ष एवं जिला दंडाधिकारी धर्मेश कुमार साहू, सचिव डॉ. एफ आर निराला, प्रदेश प्रतिनिधि लिंगराज पटेल तथा 13 शासकीय एवं 13 गैर शासकीय सदस्यों की उपस्थिति में जिला रेडक्रॉस प्रबंध समिति की गुप्त मतदान के माध्यम से चुनाव किया गया। सभापति के लिए तीन दावेदार अब्बास अली सैफी, रतन शर्मा और हरिशंकर चौहान को क्रमशः 3, 9 और 14 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार उप सभापति के दावेदार वर्षा बंसल, अरुण गुड्डू यादव और मीना अग्रवाल को क्रमशः 13, 12 और 1 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार सभापति के लिए परियोजना निदेशक पंचायत, हरिशंकर चौहान और उप सभापति के लिए डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल विजयी हुए। इसी प्रकार कोषा अध्यक्ष के चुनाव में सहायक प्राध्यापक लोकेश पटेल विजयी हुए। इस अवसर पर एसडीएम प्रखर चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर अनिकेत साहू सहित मीडिया से दीपक थवाईत, मोहन नायक, शोभदास मानिकपुरी, गोविंद बरेठा उपस्थित थे।

### संजय कालोनी में नवधा रामायण 23 से

**बलौदाबाजार।** नगर के संजय कालोनी में 23 दिसंबर से 1 जनवरी तक श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति के अध्यक्ष नरसिंह वर्मा ने बताया है कि समारोह में अंचल के सभी मानल मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित सभी मंचस्थ मानस मंडलियों को समिति की ओर से 351 रूपये की प्रोत्साहन राशि दी जावेगी।

### निर्माण कार्य का पार्षद ने किया निरीक्षण

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में अनेक निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर में डोमसेट निर्माण कार्य किया जा रहा है। पार्षद धमेंद्र यादव ने इस निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ठेकेदार को कार्य को गुणवत्तापूर्वक करने के निर्देश दिए।

### शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी तुमगांव मंडल के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष तेजेन शर्मा को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष जताया।

## आत्मानंद में मना ब्लॉक स्तरीय गणित दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मंगलवार को विकासखंड स्तरीय गणित दिवस मनाया गया। विश्व प्रसिद्ध गणिताचार्य रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी उपलब्धियां को प्राचार्य आशीष शर्मा द्वारा बच्चों को परिचित कराया गया। सीईओ एसके गेंदले ने अंकिय डाटा के महत्व और शून्य की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को गणित विषय तथा जीवन में गणित की उपयोगिता गिनायी। तत्पश्चात प्रतिस्पर्धा मानसिक गणित चुनौती व्याख्यान प्रतियोगिता गणित मॉडल प्रतियोगिता तात्कालिक प्रश्नोत्तरी तथा गणितीय प्रदर्शनी एवं जन जागरूकता अभियान पर किया गया। उक्त प्रतिस्पर्धा में मानसिक गणित चुनौती में पीएमश्री सेजेस सिमगा से प्रथम यशराज देवांगन, द्वितीय आरएन टंडन, तृतीय लीव्यांश देवांगन सेजेस सिमगा गणितीय मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम युक्ता भटभेरा, शिवानी एवं अंशु द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम आरएन टंडन औरेठी, द्वितीय यशराज देवांगन, तृतीय करुणा सोनकर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला सिमगा तथा गणितीय प्रदर्शनी में प्रथम एवं द्वितीय स्थान तुलसी के विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भारती गुप्ता, अभिरूप पांडे, मनीष चौहान, रामबाबू यादव, सीएल साहू भटभेरा, भास्कर साहू औरेठी, अमृतांश सोनी उपस्थित थे।

## प्रशासन गांव की ओर अभियान में आज से पंचायतों में लगेगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में सुशासन सप्ताह–प्रशासन गांव की ओर मनाया जा रहा है। इसके तहत 19 से 24 दिसम्बर तक प्रत्येक जनपद पंचायत अंतर्गत पंचायतों में एवं नगरीय निकायों में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत लाहोद, भाटापारा के ग्राम पंचायत तरेंगा, सिमगा के ग्राम पंचायत बनसांकरा, पलारी के ग्राम पंचायत अमेरा एवं कसडोल के ग्राम पंचायत छरछेद में सुशासन सप्ताह–प्रशासन गांव की ओर अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 20 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत मरदा, भाटापारा के ग्राम पंचायत अमलीडीह, सिमगा के ग्राम पंचायत हथ बंद, पलारी के ग्राम पंचायत मुड़पार एवं कसडोल के ग्राम पंचायत बेरसी, 23 दिसम्बर को जनपद पंचायत बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत रसेड़ी, भाटापारा के ग्राम पंचायत करहीबाजार, सिमगा के ग्राम पंचायत कोलिहा, पलारी के ग्राम पंचायत वटगन एवं कसडोल के ग्राम पंचायत गिरौद, 24 दिसम्बर को बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी, भाटापारा के ग्राम पंचायत निपनिया, सिमगा के ग्राम पंचायत सुहेला, पलारी के ग्राम पंचायत बलौदी एवं कसडोल के ग्राम पंचायत सोनाखान में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## चुनाव से पहले जनप्रतिनिधि पहुंचने लगे थे जनता के बीच

## आरक्षण प्रक्रिया स्थगित जनप्रतिनिधियों में मायूसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण प्रक्रिया को अचानक स्थगित किये जाने वाले आदेश से चुनाव की तैयारी में जुटे लोगों को निराशा हुई है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार तथा गुरुवार को पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण प्रक्रिया संपन्न करायी जाना था। इस संबंध में पंचायत संचनालाय द्वारा आरक्षण प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए 11 दिसंबर को आदेश जारी किया गया था, जिसमें जिला पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालय में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य तथा अध्यक्ष के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण की जानी थी, किंतु इसी दौरान 16 दिसंबर को पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से सभी कलेक्टरों को आदेश जारी कर कहा गया है कि त्रिस्तरीय पंचायत



निर्वाचन 2024–25 के लिए आरक्षण कार्यवाही हेतु जारी समय सारिणी को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

**नगरीय निकाय आरक्षण पर भी संशय** –सरकार नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को एक साथ कराने की तैयारी में थी तथा नगरीय चुनाव के लिए आरक्षण 19 दिसंबर को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में रखे जाने की सूचना जारी की गई थी, लेकिन अभी सिर्फ पंचायत चुनाव के आरक्षण कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। नगरीय निकाय चुनाव के आरक्षण के बारे में किसी प्रकार के बदलाव की सूचना नहीं होने से यह माना जा रहा है कि नगरीय निकाय की आरक्षण प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूर्ण कराई जावेगी।

### आरक्षण प्रक्रिया स्थगित होने के कारणों पर चर्चा का दौर शुरू

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की आरक्षण प्रक्रिया स्थगित किये जाने को लेकर लोगों द्वारा तरह–तरह के कयास लगाये जा रहे हैं। इस बारे में चुनावी मामले के जानकारों की माने तो 50 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण प्रक्रिया को लेकर पेंच फंस गया है। सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को जानने वर्ष 2024 में जनगणना कराई गई थी, लेकिन ओबीसी आरक्षण को लेकर अजा, अजजा मोर्चे की ओर से आपत्ति जताई जा रही है तथा उनके द्वारा भी चुनाव के पूर्व जनगणना कराये जाने की मांग की जा रही है। संभवतः इसी के चलते आरक्षण प्रक्रिया को स्थगित किया गया होगा।

## उद्यानिकी विभाग ने किसानों को दिया बागवानी का प्रशिक्षण




**पवनी।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के उद्यानिकी विभाग द्वारा बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम करबाडबरी, बांसउरकुली, पंडरीपानी के 50–50 किसानों को पोषण आधारित बागवानी विषय पर एक दिवसीय कृषक परिवार प्रशिक्षण दिया गया। इसमें चिराग परियोजना का परिचय, खाद्य एवं पोषण आधारित बागवानी, व्यक्तिगत बाड़ी विकास, गुरुत्वाकर्षण टपक सिंचाई, बाड़ी फेंसिंग, उद्यानिकी फसल प्रदर्शन, सामुदायिक बाड़ी विकास, जैविक खाद निर्माण और उपयोग, बीज एवं बीज उपचार, सब्जियों के नर्सरी प्रबंधन आदि घटकों पर कृषकों को विस्तार ▶▶ शेष पेज 13 पर

## शिक्षा मंडल ने जारी की बोर्ड परीक्षाओं की समय सारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ 10वीं की परीक्षा 3 से 24 मार्च तक आयोजित होगी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं का समय सारिणी जारी कर दी गई है। जारी सारिणी के अनुसार 12वीं की परीक्षा 1 से 28 मार्च तक तथा 10वीं की परीक्षा 3 से 24 मार्च तक आयोजित होगी। साथ ही अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं भी इसी समय आयोजित होने की संभावना है। इस दौरान नगरीय निकाय और ग्राम पंचायत चुनावों के कारण शिक्षकों का अधिक समय गैर–शैक्षणिक कार्यों में व्यतीत ▶▶ शेष पेज 13 पर

### अन्य विभागों के कार्य भी शिक्षकों के जिम्मे

चर्चा के दौरान कुछ शिक्षकों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर कहा कि हर महीने मंथली टेस्ट, छमाही परीक्षा, प्री–बोर्ड परीक्षा, परख परीक्षा और प्रैक्टिकल्स जैसी लगातार परीक्षाओं के चलते शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। परीक्षाओं के अलावा शिक्षकों पर छात्रवृत्ति एंट्री, जाति–निवास प्रमाण पत्र, मध्यान्ह भोजन की जानकारी, राशन और गणवेश वितरण, साइकिल और किताबों का वितरण, आधार और बैंक डिटेल अपडेट जैसे कार्यों का बोझ रहता है। इसके अतिरिक्त शाला के लिए यू–डाइस डेटा एंट्री जैसे ऑनलाइन कार्य में वक्त लगता हैं। इसके अलावा राजस्व विभाग के कार्य भी समय–समय पर हमें दिये जाते हैं।

### साहू समाज की एकता और आपसी सहयोग की भावना है संगठन की प्रेरणा

## सामुदायिक भवन का विधायक संदीप ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

ग्राम पंचायत खरतोरा में 5 लाख की लागत से बने साहू भवन का लोकार्पण तथा 5 लाख के बाउंड्रीवाल निर्माण के लिए भूमिपूजन कसडोल विधायक संदीप साहू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर विधायक संदीप साहू ने कहा कि गांवों की हर बुनियादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य किए जा रहा हैं।

ग्रामीण समस्याओं से अवगत होकर उसका निदान करने के लिए मैं तत्पर हूं। गांव में बिजली, पानी, सड़क की समस्या का निदान करना मेरी पहली प्राथमिकता है। अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि इस तरह भवन बनने से गांवों के विभिन्न गतिविधिया आयोजित करने में सुविधा होगी। साहू समाज की एकता और आपसी सहयोग की भावना संगठित होने की प्रेरणा मिलती है।



उक्त अवसर पर प्रभारी महामंत्री गोपी साहू, ब्लॉक अध्यक्ष युवराज चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य सुमित्र घृतलहरे, जनपद सदस्य टिकेश्वरी वर्मा, सरपंच सविता बिसेसर वर्मा, यशवंत बांधे, ईश्वर चंद्रवंशी, शिव कुमार साहू, बीरसिंग साहू, महेंद्र सूरतांगे, लीलाधर साहू, तोला राम साहू, शत्रेहन साहू, बाला राम साहू, गोकुल साहू, ठाकुर राम विश्वकर्मा, हेमलाल साहू, बेदराम साहू, मदन लाल साहू, मनीराम साहू, राजेश्वरी साहू, जानकी साहू, यमुना साहू, मनीष वर्मा, तोलाराम साहू, शत्रेहन साहू, झाला राम साहू, चुनेश्वरी वर्मा, गिरिजा बाई, नर्मदा साहू, बेलसिया साहू, भारती साहू, कविता साहू, जानकी यादव, देवदत वर्मा, घनश्याम सेवक, बिसंभर वर्मा, हरिशंकर विश्वकर्मा, रतराम पटेल, तुला राम साहू, रमेश साहू, मदन साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, यमुना साहू, देवदत्त साहू, मनीराम साहू, घनश्याम साहू, बहल साहू, सेवक साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।


हरिभूमि पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### सिंधी काउंसिल छत्तीसगढ़ इकाई ने बांटे कंबल

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम पुराना राजेंद्र नगर स्थित डॉ. एनडी गजवानी के क्लीनिक में मंगलवार को किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि बुजुर्ग, महिला, बच्चे सभी को कंबल वितरित किए गए, जैसे ही सभी जरूरतमंद को कंबल मिले, उनके चेहरे में खुशी छलक उठी। यह कंबल वितरण स्व. कांता देवी जसवानी, स्व. हरीराम तलरेजा, स्व. मोहनलाल तलरेजा, स्व. शंकरलाल रामनानी, स्व. हरीराम सिदारा की स्मृति में किया गया। इस अवसर पर सुनील कुकरेजा, सुमीत अठवानी, धनेश मटलानी, चंदर देवानी, महेश खिलनानी, आकाश बजाज आदि शाामिल थे।

### ग्राम बाना में रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर



**रायपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय अटारी रायपुर द्वारा ग्राम बाना धरसींवा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन ग्राम बाना के उपसरपंच टहलराम साहू द्वारा किया गया। दूसरे दिन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. जयेश करंजगांवकर को बौद्धिक परिचर्चा सत्र में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया, जिसमें उन्होंने डिजिटल लिटरेसी एवं अंक ज्योतिष विषय पर अपनी बात रखी। इस शिविर में दल नायक के रूप में बीसीए द्वितीय के छात्र अंतर्यामी बारिक एवं बीएससी तृतीय की छात्रा प्रीति देशलहरे को बनाया गया है।

### बीमा राशि का उल्लेख नहीं होने से कर्मी हो रहे परेशान

**भिलाई।** सेवा ट्रस्ट के सामूहिक बीमा के मामले में जारी सर्कुलर को लेकर सीटू ने बीएसपी के महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध से मिलकर मानव संसाधन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक एवं कार्यपालक निदेशक के नाम पत्र देकर अविलंब दखल देने की मांग की। वर्तमान में प्रबंधन द्वारा जारी ई सहयोग में सेवा ट्रस्ट के तहत बीमा लेने या नहीं लेने के मामले में कर्मियों से 15 दिसंबर तक सहमति मांगी जा रही है लेकिन इसके लिए प्रीमियम भुगतान कितना करना पड़ेगा और कितनी राशि की बीमा हो रही है। इसका कोई उल्लेख नहीं है। यदि इस सर्कुलर में बीमा राशि और अनुमानित प्रीमियम राशि का उल्लेख किया होता तो कर्मियों को निर्णय लेने में ज्यादा सरलता होगी। कर्मियों ने बताया कि सेवा ट्रस्ट के बीमा से संबंधित जारी सूचना के कारण कर्मियों में असमंजस की स्थिति निर्मित हो गई है और बीमा लेने की स्थिति में प्रीमियम यदि दुगुना हो गया तो निर्णय गलत हो सकता है।
सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि 2011 में सेवा ट्रस्ट का चुनाव करवाया गया था।

# पहली बार रविवि ने बिना सुझाव मांगे जारी की समय-सारिणी और हो गई गड़बड़ी!

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर

गड़बड़ी हुए बगैर पं.रविशंकर शुक्ल विवि परीक्षाएं हो पाना नामुमकिन है। इस बार रविवि ने पूरे जोर-शोर से नई व्यवस्था अपनाई और पहली बार में ही मुंह की खानी पड़ी। रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी गत दिनों जारी की गई। अब तक प्रस्तावित समय-सारिणी विवि द्वारा जारी की जाती थी। इसे छात्रों के लिए सार्वजनिक नहीं किया जाता था। केवल संबद्ध महाविद्यालय प्रबंधन को इसे प्रेषित किया जाता था। महाविद्यालयों द्वारा इसका निरीक्षण करने के बाद इसमें हुई गलतियों से विश्वविद्यालय को अवगत कराया जाता था।

सभी महाविद्यालयों से सुझाव प्राप्त होने के बाद रविवि द्वारा इसमें सुधार करते हुए अंतिम समय-सारिणी जारी की जाती थी। इसे विद्यार्थियों के लिए भी सार्वजनिक करते हुए रविवि तथा महाविद्यालयों द्वारा अपने वेबसाइट पर अपलोड किया जाता था। लेकिन इस बार रविवि ने ऐसा नहीं किया। प्रस्तावित समय-सारिणी के स्थान पर सीधे अंतिम समय-सारिणी ही जारी कर दी गई। इसमें कई तरह की दिक्कतें सामने आई हैं। इसके बाद से महाविद्यालय प्रबंधन और छात्र इसमें बदलाव की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर महाविद्यालय प्रबंधन गुरुवार को अपनी मांग रखेंगे।

## पहले महाविद्यालयों को भेजा जाता था प्रस्तावित टाइम-टेबल

### जांच के बाद भी गड़बड़

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, इस बार परीक्षा विभाग द्वारा कई स्तर पर समय-सारिणी की जांच की गई थी, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी ना हो। हालांकि प्रत्येक वर्ष सेमेस्टर तथा वार्षिक परीक्षा का टाइम-टेबल जार करने से पहले कई स्तर पर इसे जांचा जाता है, लेकिन इस बार प्रस्तावित समय-सारिणी की जगह सीधे स्थायी समय-सारिणी जारी करने संबंधित निर्णय के कारण विशेष रूप से सावधानी बरती गई थी, फिर भी गड़बड़ी हो गई।




### सीए की परीक्षा में बैठते हैं कॉमर्स छात्र

सीए की परीक्षा में कॉमर्स संकाय के अधिकतर छात्र शामिल होते हैं। अंतिम वर्ष के छात्रों के साथ प्रथम और द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी भी अनुभव के लिए इसमें शामिल होते हैं। इस बार सीए फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं 12,14, 16 और 18 जनवरी को हैं। इसी तरह इंटरमीडिएट की ग्रुप-1 की परीक्षाएं 11, 13 और 15 जनवरी को हैं। ग्रुप-2 की परीक्षाएं 17,19 और 21 जनवरी को हैं। इन्हीं तारीखों में रविवि ने बीकॉम की परीक्षाएं भी रखी हैं। छात्र समय-सारिणी जारी होने के बाद से ही चिंतित हैं। यदि रविवि परीक्षा तिथि में बदलाव नहीं करता है तो विद्यार्थियों को दोनों में से किसी एक परीक्षा को छोड़ना होगा।

## चेतना नाट्य मंच पर एक साल का प्रतिबंध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने चेतना नाट्य मंच (सीएनएम) को एक साल के लिए प्रतिबंधित किया है। गृह विभाग की एक अधिसूचना में इस संबंध में कहा गया है कि यह संगठन आग्नेय अस्त्रों, विस्फोटकों एवं अन्य उपकरणों के उपयोग को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित, विधि, प्रशासन में हस्तक्षेप, उनके द्वारा लोक व्यवस्था, शांति में बाधा एं नागरिकों की सुरक्षा में खतरा पैदा कर रहा है। इसके साथ ही विधि द्वारा स्थापित संस्थाओं की अवज्ञा को बढ़ावा देते हुए विधि विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त है जो कि राज्य की सुरक्षा के लिए प्रतिकूल है। इसीलिए राज्य सरकार को समाधान हो गया है कि ऐसे संगठन को विधि विरुद्ध संगठन घोषित करना आवश्यक है। सरकार ने विशेष जन सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से एक साल के लिए विधि विरुद्ध संगठन घोषित किया है। माना जाता है कि ये संगठन राज्य में नक्सलियों के लिए काम करता है।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की कबड्डी स्पर्धा



**रायपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा सिब्बल पैलेस सेरीखेड़ी के मैदान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्थान को हरियाणा की टीम ने 63-18 के भारी अंतर से हराया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि नामदेव साहू एवं विशेष अतिथि कृपाराम साहू सदस्य छत्तीसगढ़ राज्य कबड्डी फेडरेशन एवं कार्यालय के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-1 अभिषेक कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीम को शील्ड एवं प्रमाणपत्र प्रदान किया।

# नॉन ट्रेड 40 और खुले बाजार का सीमेंट 20 रुपए महंगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ की सीमेंट कंपनियां पूरी तरह से बेलगाम हो गई हैं। जब मर्जी होती है सीमेंट की कीमत बढ़ा देती हैं, जब मर्जी होती है कीमत कम कर देती हैं। प्रदेश सरकार ने दाम बढ़ाने से पहले कारण बताते हुए मंजूरी लेने के भी निर्देश दिए हैं, इसके बाद भी कंपनियां सरकार की इजाजत लिए बिना ही दाम बढ़ा दे रही हैं और फिर कम भी कर दे रही हैं। बीते चार माह से यही सब चल रहा है। बीते माह नवंबर में भी एक बार दाम बढ़ाए गए, इसके बाद हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने के बाद सरकार के एक्शन के डर से दाम कम किए गए। अब फिर से खुले बाजार के सीमेंट के दाम जहां 20 रुपए बढ़ाए गए हैं, वहीं सरकारी काम में आने वाले नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 40 रुपए बढ़ा दिए गए हैं। खुले बाजार का सीमेंट जहां थोक में 270 से 300 रुपए हो गया है, वहीं यह चिल्हर में चिल्हर में यह 300 से 330 रुपए में बिक रहा है।

- चार माह से चल रहा है कीमत कम ज्यादा करने का बड़ा खेल

सीमेंट कंपनियों के दाम बढ़ाने पर प्रदेश सरकार का अंकुश नहीं है। यही वजह है कि कंपनियों की जब मर्जी होती है, दाम बढ़ा देती हैं। इस बार सितंबर में कंपनियों ने खुले बाजार के साथ ही नॉन ट्रेड सीमेंट के दाम 50-50 रुपए बढ़ा दिए थे। इसके बाद जहां हरिभूमि ने लगातार खबरों का प्रकाशन किया, वहीं चौतरफा राजनीतिक दबाव के बाद अंततः प्रदेश सरकार ने कंपनियों के साथ बैठक की। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के साथ बैठक में यह तय किया गया कि कंपनियां बढ़े हुए पूरे दाम वापस लेंगी और भविष्य में दाम बढ़ाने से पहले इसका कारण प्रदेश सरकार को बताते हुए पहले मंजूरी लेंगी।



### दाम कम ज्यादा करने का खेल

सीमेंट कंपनियों ने बीते माह प्रदेश सरकार से पूछे बिना ही माह से तीसरे सप्ताह में दाम 5 से 15 रुपए तक बढ़ा दिए। इसके बाद जब हरिभूमि में खबर का प्रकाशन किया गया तो सीमेंट कंपनियों में इसको लेकर हड़कंप मच गया कि प्रदेश सरकार उन पर एक्शन ले सकती है। ऐसे में कंपनियों ने धीरे-धीरे करके अंततः बढ़े हुए 15 रुपए दाम वापस ले लिए। इसी के साथ कंपनियों ने पहले के बढ़े हुए 50 रुपए के दाम में से जो पांच रुपए बचे थे, उसको भी वापस ले लिया। इसी के साथ नॉन ट्रेड में भी पांच से दस रुपए दाम कम किए गए। अब वापस कंपनियों ने फिर से खुले बाजार के सीमेंट के साथ अब नॉन ट्रेड के भी दाम बढ़ा दिए हैं।

### चिल्हर में दाम 330 तक

सीमेंट कंपनियों ने इस माह खुले बाजार के सीमेंट के दाम 20 रुपए बढ़ाए। बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाले इस समय अलग-अलग कंपनियों का सीमेंट थोक में 60 बोरी लेने पर 270 से 300 रुपए में बेच रहे हैं। इसमें तीन रुपए प्रति बोरी अनलोडिंग का शुल्क अलग है। इसी के साथ एक टन का भाड़ा भी दो सौ रुपए लिया जाता है। अगर कोई ग्राहक चिल्हर में दो से पांच बोरी सीमेंट ले रहा है तो उसके घर की दूरी के हिसाब से कीमत 330 रुपए तक भी पड़ रही है।

## शालेय शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव के साथ बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

शालेय शिक्षक संघ ने राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए डीपीआई द्वारा जारी वरिष्ठता सूची में हुई गम्भीर त्रुटियों को सामने लाते हुए उसे दूर कर जल्द पदोन्नति देने की मांग की है। संगठन की ओर से इसके लिए ज्ञापन के साथ त्रुटियों की सूची भी विभाग को सौंपी गई थी। इसी सिलसिले शिक्षा सचिव कार्यालय से आमंत्रण मिलने पर शालेय शिक्षक संघ के प्रतिनिधिमंडल की शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, अवर सचिव आरपी वर्मा और उपसंचालक आशुतोष चावरे के साथ मंत्रालय में बैठक हुई। बैठक में प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे, महासचिव धर्मेश शर्मा तथा कार्यकारी प्रांताध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर राज्यस्तरीय पदोन्नति के लिए जारी वरिष्ठता सूची की गंभीर त्रुटियों को दूर करने तथा प्राचार्य और व्याख्याता पद पर जल्द पदोन्नति देने की मांग रखी।

- प्राचार्य व व्याख्याता पद पर जल्द पदोन्नति हो

प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने बैठक के बाद बताया कि शिक्षा सचिव के साथ बैठक सार्थक रही। उन्होंने इन त्रुटियों को जल्द दूर कर प्राचार्य और व्याख्याता पदोन्नति शीघ्र करने का भरोसा दिलाया है। इसके साथ ही शिक्षक संगठनों से भी अपील की है, वे इन त्रुटियों को साक्ष्य सहित प्रस्तुत करें उस पर कार्यवाही जरूर होगी और उन गलतियों को दूर किया जायेगा।

## अब राइस मिलर्स एसोसिएशन भी मिलिंग के लिए तैयार जताया सरकार पर भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ में राइस मिलरों और सरकार के बीच जारी गतिरोध समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ राइस मिलर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा है कि हमें 2023-24 का भुगतान जल्द होने में शंका थी, क्योंकि हमारा कस्टम मिलिंग कार्य अपूर्ण था जिसकी जानकारी हमने राज्य सरकार के समक्ष भी रखी। अब सरकार शीघ्र भुगतान का रास्ता बना चुकी है, साथ ही 2022-23 के भुगतान पर भी भरोसा दे रही है। हमें भी सरकार पर भरोसा है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले ही मिलरों के एक गुट ने सरकार के साथ मिलकर मिलिंग करने पर सहमति जताई थी। उस समय एसोसिएशन तैयार नहीं था। लेकिन अब एसोसिएशन का रुख बदला है। एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने एक बयान जारी कर कहा है कि मिलर्स ने सरकार के साथ बकाया भुगतान सहिंत अन्य विषयों का समाधान ना हो पाने पर कार्य ना करने असमर्थता का पत्र प्रदेश एसोसिएशन को लिखित में दिया। प्रदेश एसोसिएशन ने सीएमआर कार्य करने का निर्णय मिलर्स पर छोड़ा था। हमने मिलर्स के 2022-23 के प्रोत्साहन राशि भुगतान की प्रमुख मांग सरकार के समक्ष रखी जिसमें कुछ तकनीकी दिक्कत के कारण राज्य सरकार ने 2023-24 के प्रथम किस्त के भुगतान करने का निर्णय लिया।

हमें 2023-24 का भुगतान जल्द होने में शंका थी क्योंकि हमारा कस्टम मिलिंग कार्य अपूर्ण था जिसकी जानकारी हमने राज्य सरकार के समक्ष भी रखी। अब सरकार शीघ्र भुगतान का रास्ता बना चुकी है साथ ही 2022-23 के भुगतान पर भी भरोसा दे रही है। हमें भी सरकार पर भरोसा है।

## मंदिर में चोरी, रुपए से भरी दान पेटी ले गया चोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के खम्हारडीह क्षेत्र में स्थित सुरेश्वर महादेव पीठ मंदिर में चोरी हो गई। अज्ञात चोर मंदिर में रखी रुपए से भरी दान पेटी चोरी कर ले गए। घटना 16-17 दिसंबर की दरम्यान रात की है। मंदिर थाना से करीब दो सौ मीटर दूरी पर है। इसके बाद भी मंदिर में चोरी होना कहीं न कहीं पुलिस की पेट्रोलिंग व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है।



पुलिस के अनुसार मंदिर के मुख्य पुजारी स्वामी राजेश्वरानंद महाराज ने घटना की रिपोर्ट मंगलवार को सुबह थाने में दर्ज कराई है। पुजारी के अनुसार रात को मंदिर के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाने के बाद वह अपने घर लौट गया। सुबह जब पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचा तो दरवाजा पर लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा, तो दान पेटी गायब थी। उन्होंने बताया कि दान पेटी में चढ़ावा के लगभग दस हजार रुपए थे। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कबीरपंथी साहू समाज का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन चार जनवरी से

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज द्वारा दो दिवसीय 4 और 5 जनवरी को 14वां वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। साथ ही युवक-युवती परिचय सम्मेलन और परिचय पुष्प का विमोचन कार्यक्रम रखा गया है। यह कार्यक्रम विधानसभा भवन के पास ग्राम बरौदा में सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। यह जानकारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल साहू ,महासचिव संतोष साहू व केंद्रीय मीडिया प्रभारी प्रेमनारायण चौधरी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के पहले दिन शनिवार को सुबह 9 बजे ग्रामवासियों तथा अतिथियों द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ अतिथि स्वागत एवं पदाधिकारियों का उद्बोधन, अतिथियों के स्वागत के साथ सामाजिक परिचर्चा, युवा सम्मेलन, प्रबुद्धजनों का सम्मान, समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान के साथ रात्रि 8 बजे से संगीतमय भजन का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन समस्त कबीरपंथी समाज के अतिथियों व संतजनों का पुष्पहार से स्वागत तथा पदाधिकारियों द्वारा उद्बोधन तथा समस्त ग्रामीण अंचलों से आए हुए भजन मंडलियों द्वारा भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

## केवल शपथपत्र देकर ले सकेंगे दस बिस्तर के अस्पताल और क्लीनिक का लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

नर्सिंग होम एक्ट के तमाम मापदंडों को पूरा करने का शपथ पत्र देकर दस बिस्तर के अस्पताल अथवा क्लीनिक का संचालन किया जा सकेगा। ऐसे अस्पतालों और तमाम विधाओं के क्लीनिक को स्वतः लाइसेंस प्राप्त हो जाएगा। 11 से 30 बेड वाले नर्सिंग होम को लाइसेंस देने तीन माह के भीतर सीएमएचओ की टीम द्वारा निरीक्षण अनिवार्य होगा अन्यथा उन्हें स्वतः पंजीकृत मान लिया जाएगा। तीस बिस्तर तक की क्षमता वाले छोटे निजी अस्पतालों को नर्सिंग होम एक्ट में राहत दी गई है।

- छोटे नर्सिंग होम को मिली एक्ट में राहत, पांच साल बाद पुन: पंजीयन

इसके लिए राज्य सरकार द्वारा क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट 2013 में पिछले दिनों संशोधन करते हुए सभी विधाओं के चिकित्सा संस्थानों को नियमों में छूट प्रदान की गई है। संशोधित नियम के अनुसार अब सभी पद्धति वाले क्लीनिक निर्धारित मापदंडों को पूरा करने का शपथपत्र देकर ऑनलाइन तरीके से लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। 11 से 30 बिस्तर के अस्पतालों को नियमों का पालन करते हुए आवेदन करना होगा, जिस पर तीन माह के भीतर संबंधित जिले की टीम निरीक्षण करेगी।

### दूरवर्ती क्षेत्रों में विकसित होगी उपचार सुविधा

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन रायपुर अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा कि छोटे अस्पताल के लिए नर्सिंग होम एक्ट का सरलीकरण का लाभ स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के रूप में मिलेगा। सुदूर इलाकों में इससे छोटे अस्पतालों की संख्या में विस्तार होगा और उपचार सुविधा विकसित होगी। आईएमए के पूर्व अध्यक्ष डा. महेश सिन्हा, डा. विकास अग्रवाल और डा. अनिल जैन ने कहा, इससे 30 बिस्तर तक के अस्पतालों के पंजीयन में आसानी होगी।

## हड़ताल: बीएसपी सेफ्टी व क्वालिटी सर्किल से कर्मियों के नाम काटने से बढ़ेगा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



भिलाई की संयुक्त ट्रेड यूनियन ने कार्यपालक निदेशक के नाम का ज्ञापन सौंप कर 28 अक्टूबर की हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का नाम सेफ्टी एंड क्वालिटी सर्कल से काटे जाने को बदले की कार्रवाई बताते हुए इसका विरोध किया है और इन कर्मचारियों का नाम जल्द सेफ्टी एवं क्वालिटी सर्किल टीम में जोड़ने की मांग की है। यूनियन ने भविष्य में इस तरह के किसी भी दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई से भिलाई में अशांति निर्मित होने की चेतावनी दी है।

- संयुक्त यूनियन ने कार्यपालक निदेशक को सौंपा ज्ञापन

संयुक्त यूनियन के संयोजक वंश बहादुर सिंह ने बताया कि इंटक, बीएमएस, एटक, एचएमएस, सीटू, एक्टू, लोईमू और स्टील वर्कर्स यूनियन ने संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के नाम का ज्ञापन आईआर विभाग के महाप्रबंधक जेएन ठाकुर को सौंपा, जिसमें यूनियन ने सेफ्टी सर्कल एंड क्वालिटी सर्कल टीम से हड़ताल में शामिल कर्मचारियों का नाम काटे जाने को दुर्भावना पूर्ण बताते हे इनका नाम जल्द जोड़ने की मांग की। यूनियन ने कहा कि 28 अक्टूबर को पूरे सेल में कर्मचारियों ने वेज रिवीजन सहित अन्य जायज मांगों को लेकर हड़ताल किया। बीएसपी के कर्मचारी भी यूनियन के आह्वान पर मांगों को लेकर हड़ताल में शामिल हुए थे। जायज मांगों के लिए शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन और हड़ताल करना कर्मचारियों का वैधानिक अधिकार है। भिलाई में संयुक्त ट्रेड यूनियन के परिपक्व नेतृत्व के कारण हड़ताल शांतिपूर्ण रही। प्रबंधन से इसी तरह की परिपक्वतापूर्ण व्यवहार करने की अपेक्षा की जा रही थी।

# अंतर्राज्यीय बस स्टैंड में एजेंटों की बढ़ी गुंडागर्दी, सवारी बैठाने की बात पर आपस में भिड़े, एक को मारा चाकू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के अंतर्राज्यीय बसस्टैंड में एजेंटों की गुंडागर्दी लगातार बढ़ती जा रही है। एजेंटों द्वारा यात्रियों से दादागिरी कर उनका जबरदस्ती टिकट काटकर बसों में बैठाया जा रहा है। एजेंटों की गुंडागर्दी इतनी बढ़ गई है कि अब इन लोगों के बीच ही टिकट काटने व सवारी बैठाने की बात को लेकर टकराव होने लगा है। यही कारण है कि सोमवार देर रात बस एजेंटों के बीच इसी बात को लेकर जमकर विवाद हुआ। इसके बाद एक गुट के एजेंटों ने मिलकर दूसरे गुट के एजेंट पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल किया गया है। इधर घटना के बाद सभी आरोपी फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। टिकरापारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रात करीब 12 बजकर 5 मिनट पर बसस्टैंड में यात्रियों का टिकट काटने के विवाद पर प्रार्थी रोशन सिंह का आरोपियों अम्मू, फैजान एवं समीर के साथ विवाद हो गया। सभी एजेंट का काम करते हैं। इनके बीच पूर्व में भी करीब 3 से 4 बार टिकट काटने व सवारी बैठाने की बात को लेकर विवाद हो चुका है, लेकिन इस विवाद को लेकर किसी ने भी थाने में शिकायत नहीं की। घटना के समय रोशन और आरोपियों के बीच इसी बात को लेकर फिर विवाद हुआ, लेकिन इस बार यह विवाद बहुत ज्यादा बढ़ गया। इस दौरान आरोपियों ने मिलकर रोशन से गाली-गलौज करने के साथ जान से मारने की नीयत से उस पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में रोशन की कमर के पास चाकू से दो बार वार किए गए हैं, जिससे वह पूरी तरह से लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा, जिसे गंभीर अवस्था में मेकाहारा में दाखिल कराया गया है। इधर घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 109, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। अंतर्राज्यीय बस स्टैंड जब से पंडरी से हटाकर भाठागांव हाईटेक बसस्टैंड में शिफ्ट किया गया है, तब से यहां एजेंटों की गुंडागर्दी देखी जा रही है। बसस्टैंड में आए दिन एजेंटों की गुंडागर्दी की शिकायतें पुलिस तक भी पहुंच रही हैं। इसके बाद भी एजेंटों पर लगाम लगाने में पुलिस विफल रही है।

- घटना से यात्रियों में दहशत व्याप्त



### मेन गेट से पकड़कर जबरदस्ती बस में बैठाकर टिकट काट रहे

एजेंटों द्वारा यात्रियों को जबरदस्ती पकड़कर बस में बैठाकर उसका टिकट काटने के मामले पहले भी कई बार सामने आ चुके हैं। इन मामलों के उजागर होने के बाद प्रशासन द्वारा कई बार कार्रवाई भी की गई है, लेकिन इसके बाद भी एजेंटों की गुंडागर्दी यहां जारी है। एजेंटों की गुंडागर्दी इसी से देखी जा सकती है कि मेन गेट के पास एंट्री करते ही यात्रियों को एजेंट घेर लेते हैं और जबरदस्ती बस में बैठाकर उनका टिकट काट देते हैं।

### असामाजिक तत्वों का भी बढ़ा जमावड़ा

बसस्टैंड में असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा बना हुआ है। रात के समय में असामाजिक तत्वों के कारण यात्रियों में खौफ देखा जा रहा है, क्योंकि रात में कई लोग यहां नशे की हालत में घूमते-रहते हैं। इन लोगों को पकड़ने के लिए पुलिस पार्टी यहां गश्त तक नहीं करती, जिसके कारण उनके हौसले बढ़े हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा : डॉ रश्मि



**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि बाबासाहेब संविधान निर्माता है। देश को दिशा देने वाले महापुरुष हैं। उनका अपमान, उनके निर्मित संविधान का अपमान देश नहीं सहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के लोगों के दिमाग में जो मनुस्मृति और आरएसएस की विचारधारा है, वह दर्शाती है कि वे बाबासाहेब के संविधान का आदर नहीं करते। डॉ. चंद्राकर ने कहा कि हम शाह की टिप्पणी का पुरजोर विरोध करते हैं। बाबासाहेब का अपमान देश और देशवासी सहन नहीं करेंगे। गृह मंत्री शाह पूरे देश से माफी मांगें और अपने पद से इस्तीफा दें। एक ओर संसद संविधान के 75 गौरवशाली वर्षों पर चर्चा कर रही है। वहीं दूसरी ओर गृह मंत्री शाह ने इस मौके को आंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियों के साथ कलंकित करने के लिए चुना, वह भी लोकतंत्र के मंदिर में। यह भाजपा की जातिवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रदर्शन है। शाह की टिप्पणी उन लाखों लोगों का अपमान है जो मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए बाबासाहेब की ओर देखते हैं।

### सामाजिक संगठनों ने नगर में निकाली विशाल रैली, सैकड़ों की संख्या में समाज के लोगों ने लिया हिस्सा

# गुरु घासीदास जयंती पर राज महंतों ने जैतखाम पर चढ़ाया पालो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

सत्य ही मानव का आभूषण है, मनखे मनखे एक सामान और सत्य और अहिंसा का संदेश जन जन तक पंहुचाने वाले संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास की 268वीं जयंती कसडोल में मनायी गई। बाबा गुरुघासीदास की जयंती पर बाबा गुरुघासीदास को पूरा प्रदेश नमन कर रहा है।

सुबह 10 बजे भव्य शोभायात्रा सतनामी कर्मचारी कल्याण समिति एवं सतनामी समाज कसडोल के तत्वावधान में बालक छात्रावास गोरधा से निकाली गई, जो गुरु के पालकी रथ के अलावा पंथी नाच के साथ सतनाम संदेश को जन-जन तक पहुंचाते हुए बस स्टैंड, मुख्यमार्ग होकर हड़हाचौक से बाजार चौक रैली करते हुए गुरुघासीदास चौक पहुंची। इस दौरान समाज के तमाम स्वजातीय बंधु मौजूद रहे। इसके बाद मुख्य ध्वज को लेकर शाम 6 बजे राज महंत गणों के विशेष पूजन अर्चन के बाद पालो चढ़ाया। आपको बता दे कि समिति द्वारा गुरुघासीदास चौक पर विशाल जयंती कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें पंथी पार्टी, मंगल भजन गायक, कलाकर, प्रवचनकर्ता साधु संत के अलावा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे।



#### मनखे मनखे एक समान का दिया संदेश



विदित हो कि 18 दिसम्बर 1756 को कसडोल ब्लॉक के छोटे से गांव गिरौदपुरी में एक अनुसूचित जाति परिवार में पिता महंगूदास और माता अमरौतिन बाई के यहां बाबा गुरुघासीदास का जन्म हुआ था। बाबा गुरुघसीदास का जन्म जब हुआ था, तब समाज में सामाजिक अराजकता अपने पूरे चरम पर था और समाज में छुवा छूत और भेद भाव व्याप्त था, कहा जाता है कि बाबा गुरुघसीदास का जन्म अलौकिक शक्तियों के साथ हुआ था। बाबा गुरुघसीदास ने समाज में व्याप्त बुराइयों को जब देखा तब उनके मन में बहुत पीड़ा हुई और तब बाबा गुरुघासीदास ने समाज से छुआ छूत मिटाने के लिए मनखे मनखे एक समान का संदेश दिया।



#### गिरौदपुरी में प्रशासन की रही पैनी नजर

बाबा गुरुघासीदास को सतनामी समाज का जनक कहा जाता है और बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को सत्य और अहिंसा पर चलने का उपदेश दिया था, बाबा गुरुघसीदास जी के द्वारा दिये गए उपदेश को जिसने जीवन में आत्मसात कर जीवन में उतारा उसी समाज को आगे चलकर सतनामी समाज के रूप में जाना जाने लगा। सतनामी समाज के द्वारा बाबा गुरुघसीदास जी की जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है, बुधवार को बाबा जी के दर्शन के लिए पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे जो कि कई श्रद्धालु जमीन नापते हुये बाबा जी के दर्शन करने पहुंच रहे थे। गिरौदपुरी घाम में पुलिस प्रशासन सहित जिला प्रशासन की पैनी नजर दिख रही थी जिससे देर शाम तक किसी तरह के विवाद की सूचना नही मिली।

# भाजपा को और मजबूत करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने संकल्पित: महेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भाजपा शहर मण्डल महासमुंद के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने नियुक्ति पर जिला चुनाव अधिकारी भाजपा प्रदेश महामंत्री रामु रोहरा, सांसद रुपकुमारी चौधरी, महासमुंन्द विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, मण्डल चुनाव प्रभारी, बसना विधायक संपत अग्रवाल, प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर अग्रवाल, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, प्रदेश सदस्य इंदजीत सिंह गोल्डी, विधानसभा संयोजक चंद्रहास चंद्राकर, विधानसभा सह संयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता संदीप दीवान, चुनाव सह प्रभारी एतराम साहू सहित भाजपा संगठन और सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा ने उन पर भरोसा कर जिला मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण मण्डल का दायित्व उन्हें सौपा है उस पर पूरी निष्ठा से खरा उतरने का उनका पूरा प्रयास रहेगा। शहर मण्डल सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन और सहयोग से मण्डल के आगामी दिनों में होने वाले सभी कार्यो और कार्यक्रमों में सभी की एकजुटता से भाजपा को और मजबूत करने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने संकल्पित है। महेंद्र ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों की कल्पना के अनुरूप अंतिम पंक्ति तंक के एक छोटे से कार्यकर्ता को भाजपा ने जो सम्मान दिया है ये पार्टी की रीति नीति और सिद्धांत का परिचायक है। प्रधानमंत्री नरेंद मोदी और प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय की सरकार के संकल्प सबका साथ सबका विकास के लिए हम सभी मिलकर और बेहतर कार्य करेंगे। मण्डल अध्यक्ष महेंद्र सिका ने अपनी नियुक्ति के लिए मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, सभी पार्षदों साथियों, शक्तिकेन्द्र बूथ समिति के पदाधिकारियों, और सभी ज्येष्ठ, श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का भी आभार व्यक्त किया है।



# नांदगांव के बच्चों ने न्योता भोज में जलेबी का उठाया आनंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला नाँदगांव में गांव की सक्रिय नागरिकों एवं पालकों द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों के लिए जलेबी, केला और मिक्चर दिया गया। इस आयोजन में प्रमुख रूप से सोमनाथ पटेल, लेखराम धीवर, जनक चंद्राकर, हेमलाल निषाद, विक्रम धीवर, देवनारायण चंद्राकर, नूतन धीवर, लोकनाथ धीवर का प्रमुख योगदान रहा।

इस अवसर पर संस्था के संस्था प्रमुख शीला चंद्राकर, शिक्षक गण कमलेश कुमार पटेल, अजय बंजारे, लक्ष्मी साहू, घनश्याम बंजारे आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक से मिले नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष



**महासमुंद।** भाजपा नेता महेंद्र सिका, दिग्विजय साहू ने पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा से भेंट करने उनके निवास कार्यालय पहुंचे। जहां डॉ. चोपड़ा ने महेन्द्र सिका को महासमुंद शहर मंडल अध्यक्ष और दिग्विजय साहू को ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बनने पर हर्ष जताते हुए कहा कि इसी तरह संगठन में सक्रिय रूप से कार्य करते रहे, जिससे भारतीय जनता पार्टी और देश मजबूत हो सके। दोनों मंडल नव अध्यक्षों ने उनके मार्गदर्शन संगठन को मजबूत करने की बात कहीं। इस दौरान भाजपा नेता गोविंद ठाकुर, हनीश बग्गा, सुरेंद्र यादव और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झेरिया यादव समाज की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



झेरिया यादव समाज का प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक रायपुर में हुई। समाज द्वारा प्रदेश जिला तहसील ब्लॉक परिक्षेत्र नगर महानगर ईकाई के सदस्यों एवं पदाधिकारी द्वारा आम सहमति से किए गए सामाजिक संशोधन के बाद नया सामाजिक नियमावली 2025 के आमसभा में पारित कर लागू किया जाएगा। बैठक में बीएससी नर्सिंग की छात्रा मुस्कान यादव गंडई राजनांदगांव को समाज द्वारा चालीस हजार आर्थिक सहायता दिए जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव ने बैठक के बारे जानकारी देते हुए कहा कि आगामी 20 फरवरी तक समाज द्वारा संचालित सभी जिला में जिला, तहसील ब्लॉक, महानगर, परिक्षेत्र नगर इकाई की बैठक लेकर सामाजिक नियमावली संशोधन पर चर्चा कर मसौदा तैयार कर प्रदेश समिति को प्रेषित किया जाएगा। प्रदेश समिति सभी जिला से प्राप्त संशोधन को आमसभा में चर्चा कर नया सामाजिक नियमावली के लिए प्रस्ताव पारित कर पूरे छत्तीसगढ़ के झेरिया यादव समाज में नए नियमावली को लागू किया जाएगा, जो सभी को मान्य होगा।

बैठक में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष जगनीक यादव, उपाध्यक्ष भगत सिंह यादव, सचिव सुंदर लाल यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष जीआर यादव, संरक्षक जगत राम यादव, सुकालू राम यदु, प्रदेश अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ राजू यादव, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

# छात्रावास में प्रकृति परीक्षण एवं स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास में आयुष विभाग द्वारा छात्रावासी बच्चों के लिए विशेष प्रकृति परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके शरीर की प्रकृति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। छात्रावास अधीक्षक चित्ररेखा खांडे के अनुसार, आयुष विभाग महासमुंद के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी सरोज कुमार धृतलहरे की उपस्थिति में यह परीक्षण किया गया। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर में वात, कफ और पित्त जैसे दोष किस प्रकार संतुलन बिगाड़ सकते हैं और इनके असंतुलन से विभिन्न बीमारियाँ हो सकती हैं। चिकित्सा अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संविधान दिवस पर लॉन्च किए गए प्रकृति परीक्षण ऐप के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत जानकारी भरकर अपने शरीर की प्रकृति को जान सकता है। साथ ही यह ऐप मौसमी बीमारियों से बचाव, उचित आहार, जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव समय-समय पर संदेश के माध्यम से प्रदान करता है। बच्चों को आयुर्वेद और प्रकृति परीक्षण से संबंधित उपयोगी जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि विभिन्न ऋतुओं में भोजन और दिनचर्या कैसी होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुझावों को समझा और प्रकृति परीक्षण ऐप को उपयोग करने का संकल्प लिया।

# विजय दिवस पर सम्मिलित हुए महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट

## विजय दिवस पर महाविद्यालय एनसीसी कैडेट को सहभागिता के लिए किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला इकाई महासमुंद द्वारा सोमवार को विजय दिवस पर सन 1971 की स्वर्णिम जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन द्वारा खरोरा स्थित शहीद स्मारक परिसर में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट की सहभागिता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोसा हेडक्वाटर के कर्नल राजेन्द्र मुतालीफ, कर्नल सुधीर नायक, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह और जिला सीईओ एस आलोक, एएसपी प्रतिभा पांडेय शामिल हुए। सबसे पहले अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। जिसके बाद सभी ने अमर जवान स्मारक पर पुष्प और चक्र अर्पित कर अमर शहीद जवानों को याद किया। अतिथियों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट प्रदीप कन्हेर, कार्यालय प्रमुख मुकेश साहू, क्रीड़ा अधिकारी दिलीप लहरे के साथ एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय एनसीसी कैडेट को सम्मानित किया गया। साथ ही भूतपूर्व सैनिक संगठन द्वारा अग्निवीर में चयनित छात्र शिवम शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो करुणा दुबे ने हर्ष जताया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के बच्चों सहित कई कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुति दी गई। जिससे पूरा कार्यक्रम देशभक्ति के रंग में भावविभोर हो उठा।



घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

// शपथ - पत्र//

अहिल्या देवी निषाद, पति फुलेश कुमार निषाद, जाति केंवट, निवासी ग्राम-लवन, पोस्ट-लवन तहसील लवन, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

मैं अहिल्या देवी निषाद, उम्र 37 वर्ष, पति- फुलेश कुमार निषाद, जाति-केंवट, निवासी ग्राम- लवन तहसील- लवन जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) की निवासी हूं।

मैने भारतीय जीवन बीमा निगम में दिनांक 31/01/2012 को एक पॉलिसी करायी थी जिसका पॉलिसी नं. 387083368 है। जिसमें मेरा नाम अहिल्या कैवर्त्य दर्ज है। जो कि मेरे जाति का सरनेम है एवं मेरा नाम मेरे सभी दस्तावेज आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक पर अहिल्या बाई निषाद दर्ज है।

सत्यापन :-

मैं उपरोक्त शपथ करती हूं कि दोनो नाम एक ही महिला के है मै अपनी पॉलिसी सरेण्डर कराना चाहती हूं अतः उपर्युक्त राशि मेरे संचालित खाता क्रमांक-33819151082 इस पर जमा किया जावे। जिसके समर्थन में मैं अहिल्या देवी निषाद यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

शपथकर्ता
अहिल्या देवी निषाद

// शपथ - पत्र//

फुलेश कुमार निषाद, पिता छोटेलाल निषाद, जाति केंवट, निवासी ग्राम-लवन, पोस्ट-लवन, तहसील लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

मैं फुलेश कुमार निषाद, उम्र 38 वर्ष, पिता छोटेलाल निषाद, जाति-केंवट, निवासी ग्राम-लवन तहसील-लवन जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) की निवासी हूं।

मैने भारतीय जीवन बीमा निगम में तीन पॉलिसी कराया था जिसका पॉलिसी नं. 386004166, 387083350, 386005531 है। जिसमें मेरा नाम फुलेश कुमार कैवर्त्य दर्ज है। जो कि मेरे जाति का सरनेम है एवं मेरा नाम मेरे सभी दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक पर फुलेश कुमार निषाद दर्ज है।

सत्यापन :-

मै उपरोक्त शपथ करता हूं कि दोनो नाम एक ही व्यक्ति के है मै अपनी तीनों पॉलिसी सरेण्डर कराना चाहता हूं, अतः उपर्युक्त राशि मेरे संचालित खाता क्रमांक-32541662235 इस पर जमा किया जावे। जिसके समर्थन मे मैं फुलेश कुमार निषाद यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

शपथकर्ता
फुलेश कुमार निषाद

## पेज 11 का शेष

### उद्यानिकी विभाग ने...

पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी विवेक कुमार कुर्रे, पिंकी कुर्रे, ऋचा साहू द्वारा दिया गया, जहां ग्राम के पंच एवं उद्यानिकी मित्र भी उपस्थित थे। चिराग परियोजना एशिया की एकमात्र ऐसी परियोजना है, जिसमें पोषण आधारित कृषि पर कार्य किया जा रहा है। इसमें कृषक परिवारों की महिलाओं एवं बच्चों के लिए पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जा रही है। परियोजना के तहत विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य आदिवासी कृषक परिवारों में सामाजिक एवं व्यवहारगत परिवर्तन लाना है, जिससे महिलाओं तथा बच्चों को पर्याप्त पोषण मिल सके। समन्वित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसानों को परंपरागत फसलों के साथ–साथ अन्य आय मूलक एवं पोषणवर्धक उद्यमों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### शिक्षा मंडल ने...

होगा। इससे शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की तैयारी प्रभावित हो सकती है। जिले की शासकीय शालाओं में 3 लाख से अधिक विद्यार्थी अध्ययनरत है जिनके अध्यापन हेतु 9045 शिक्षक पदस्थ है। जिले में शिक्षकों के 4137 पद खाली हैं ऐसे में सालभर में शैक्षणिक कार्य के लिए मिले 210 दिनों में इन शिक्षकों का आधे से अधिक समय अध्यापन से हटकर अन्य गतिविधियों में खत्म हो जाता है।

**विलंबर से सत्र शुरू होने से भी बाधा-** इस वर्ष सोलह जून की बजाय 26 जून से शुरू हुआ। जुलाई का माह प्रवेश उत्सव में बीत गया, अगस्त स्वच्छता पखवाड़े में और सितंबर से लेकर दिसंबर तक जयंती, त्योहार और अन्य सरकारी कार्यक्रमों में समय बीत गया। वीरांगनाओं की जयंती और नाट्य प्रतियोगिताओं जैसे आयोजनों के चलते कक्षाएं नियमित नहीं हो सकीं।

Health Town

K'sagar's
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुरु घासीदास की 268वीं जयंती मनी



**मुंडा।** ग्राम कोलिहा में बुधवार को गुरु घासीदास की 268वीं जयंती मनाई गई। इसमें मोहल्लावासी द्वारा जैतखाम पर पालो चढ़ाया गया और बाबा गुरु घासीदास के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की और शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें पूरे ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

### आज आपके द्वार पहुंचेगी डॉक्टरों की टीम

**पवनी।** भारत सरकार के महारत्न आरईसी संस्था द्वारा जिले में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट एमएमयू वाहन से डॉक्टर आपके द्वार की टीम ग्रामीणों के इलाज के लिए 19 दिसंबर को जिले के बरमकेला ब्लॉक के ग्राम सुखापाली, सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम नाचनपाली और बटाउपाली, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम जोरा और देवरहा में स्वास्थ्य सेवाएं देंगे। प्रत्येक एमएमयू वाहन में चिकित्सक, स्टॉफ नर्स, फार्माशिष्ट उपलब्ध रहेंगे। एमएमयू वाहन में वजन, खून की मात्र हीमोग्लोबिन जांच, बल्ड प्रेशर और श्वास ऑक्सीमेट्री जांच सुविधाओं के साथ निशुल्क दवा वितरण व्यवस्था रहेगी।

### रामसागरपारा में छात्रों का हुआ नेत्र परीक्षण

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागरपारा (संकुल पटेवा) में 17 दिसम्बर 2024 को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। केम्प में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का सिनोधा पीएचसी चिकित्सकीय टीम द्वारा नेत्र परिक्षण किया गया। टीम ने परामर्श में कहा की अभिभावक कोशिक करें कि बच्चे को अत्यधिक मोबाइल चलाने से बचाए. इस मौके पर प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, शिक्षक कोमल दीवान एवं चिकित्सकीय टीम उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास की शोभायात्रा का शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत, पंथी नृत्य की रही धूम

# मनखे मनखे एक समान के संदेश से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा





गुरु घासीदास जयंती की संध्या पर प्रगतिशील सतनामी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई, जिसका स्वागत उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने किया । शोभायात्रा में जैतखाम और बाबा का छाया चित्र रथ पर सजाया गया था, जिसमें शिवरतन शर्मा ने फूल नारियल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। शिवरतन शर्मा ने समाज प्रमुखों युवाओं बड़े बुजुर्गों, माता बहनों सभी से मुलाकात कर गुरु घासीदास जयंती की बधाई दी। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा कि गुरु घासीदास के विचार आज सबसे अधिक प्रासंगिक हैं। उनके गुरु मंत्र " मनखे मनखे एक समान" समाज में हर मनुष्य को समानता का संदेश देता है। गुरु बाबा की जयंती पर हर साल की तरह इस साल भी नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सतनामी समाज ने मिनीमाता भवन से शोभा यात्रा की शुरूआत ही, जो नगर का भ्रमण करते हुए वापस मिनीमाता भवन पहुंची। शोभायात्रा में बैंड बाजे के साथ धुमाल व डीजे में जमकर थिरके युवा-झूम झूम के नाचो गाओ पंथीं, सन्ना ना नन्ना मोर लगना जैसे अनेक पंथी गीतों में बैंजो धुमाल की धुनों के साथ डीजे में बजते गीतों पर गोल घेरा बनाए महिलाएं सामूहिक नृत्य कर रही थी। वहीं बच्चों और युवाओ की टोलियां पूरे उमंगों में नृत्य बौछार कर रहे थे। उक्त अवसर पर राकेश तिवारी, सुनील यदु, आशीष जायसवाल, मनिन्दर गुम्बर, राजा कामनानी, नंद किशोर अग्रवाल, धनेश माधवानी, मनीष मिश्रा, सुखदेव यदु, सतीश साहू, दिलीप यादव, राजेश छाबड़िया, राजू पटेल, पीताम्बर साहू, अश्वनी चंद्राकर, कल्लू सचदेव, हेमंत यादव, भुवन ठाकुर, संजय शुक्ला, जितेंद्र क्षत्री, चेतन वर्मा, आयशा खान, मधु सोनी, नीरा साहू, सूर्यकांत योगी, मुकेश साहू, नारायण साहू, पीयूष साहू, सलीम खान, हारून, लखन साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घासीदास जयंती पर सतनामी समाज ने निकाली शोभायात्रा



**भटगांव।** नगर पंचायत भटगांव में मानव मानव एक समान का संदेश देने वाले गुरु घासीदास जयंती पर बुधवार को सतनामी समाज द्वारा शोभायात्र निकाली गई। शोभायात्र प्रगती नगर से प्रारंभ होकर नगर भर्मण करते हुए सतनाम भवन के समीप पहुंचकर समापन हुआ। वहीं शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत सत्कार भी हुआ, जिसमें शोभायात्र नया हटरी पहुंचने पर श्री साई मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्यों ने फूल माला एवं जल पिलाकर स्वागत किया। वहीं स्वागत करने वालों में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला, साई मंदिर सेवा समिति के सदस्य एवं प्रधान पाठक पंकज दुबे, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण के ब्लॉक नोडल संजीव राजेत्री, ऐ डीइओ जनपद पंचायत बिलाईगढ़ कमलेश नवरंग, युवा नेता राजकुमार सोनवानी, मनोज टन्डन, टाइगर कुर्रे, साईं सेवा समिति से पंकज दुबे, राजेश केशरवानी, अनुप केशरवानी, शिव केशरवानी मुन्ना वैष्णव, धनी पटेल, रोहित वैष्णव और सदस्य उपस्थित थे।

## गुरु घासीदास जयंती पर निकाली नशा मुक्ति रैली



*पवनी । संत बाबा गुरु घासीदास के जन्म दिवस पर ग्राम पंचायत हरदी में नशा मुक्ति दिवस का आयोजन शिक्षा विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के समन्वय से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच फुलेश्वरी महेश द्वारा गुरु घासीदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पण कर किया गया। इस अवसर पर शिक्षक नरेश निराला ने गुरु घासीदास के वचनों पर प्रकाश डालते हुए नशा मुक्त भारत की संकल्पना में संत बाबा गुरु घासीदास के जीवन को समाज को दिशा दिखाने वाला बताया। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मद्य निषेध दिवस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई हरदी के सभी स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान हेतु ग्राम पंचायत का परिभ्रमण कर नशा मुक्ति रैली निकाल कर प्रेरक नारे लगाए। रैली के समापन अवसर पर उपस्थित सभी छात्रों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, भारत माता वाहिनी समूह के सदस्यों के साथ विद्यालय के शिक्षकों को नशा मुक्ति संबंधी शपथ संकल्प दिलाया। इस कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी के द्वारा किया गया। मद्य निषेध दिवस के आयोजन में शिक्षक एफ सी वर्मा, आर के कोशले, वी एन पटेल, एन एस एस के वालंटियर हेमंत दास महंत, साक्षी कुर्रे, छाया साहू, सचिन चौरगे,जगदीश कोसले, अमन भारती, अंकित बंजारे, प्रकाश जोलहे, कविता यादव, कुसुमलता, दीपक जांगड़े, किरन, आशा, कुशाल एवं सहायक कमलेश दास का विशिष्ट योगदान रहा।*

## संयंत्र ने 84 प्रशिक्षणार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र



**बलौदाबाजार।** स्वावलम्बन एवं आर्थिक आत्मानिर्भरता को बढ़ावा देने अल्ट्राटेक रावन सी एसआर द्वारा तीन माह के ब्युटीशियन, सिलाई तथा कम्प्युटर के प्रशिक्षण सीएसआर में आयोजित किया गया। संयंत्र प्रमुख राजेश शंकर एवं मानव संसाधन प्रमुख करन मिस्त्री के मार्गदर्शन में सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन से प्रशासनिक प्रमुख संजीव मिश्रा तथा भूमि अधिग्रहण विभाग प्रमुख राजीव सिंग बघेल उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सीएसआर हेड विनोद श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण उपरान्त इन तकनिकी कोर्सो को ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस करने के लिए प्रोत्साहित किया तथा कहा कि निरन्तर प्रयास से दक्षता की अग्रसर होंगे और प्रभावी रुप से आय अर्जन कर पायेंगे। कार्यक्रम में कम्प्यूटर के 47, सिलाई के 35, ब्युटीशियन के 22 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सी एस आर टीम से द्वारिका वर्मा, सुरेन्द्र कुमार यादव, जानकी यादव, ताराचंद वर्मा, रमा वर्मा तथा टोपेश्वर मानिकपुरी की उपस्थिति रही।

## अखाड़ा दल के बच्चों ने किया शौर्य प्रदर्शन



■ सामाजिक सदस्यों ने नगर में सतनाम संदेश शोभा यात्रा निकाली

**पलारी।** बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती की पूर्व संध्या पर पलारी नगर में मंगलवार को परंपरानुसार सतनामी समाज के लोगों ने सात श्वेत ध्वजवाहक संतों की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली, जिसमें जय–जय सतनाम की जयघोष करते बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। आयोजक समिति संरक्षक दुर्गाप्रसाद महेश्वर, राजमहंत सरजूप्रसाद घृतलहरे एवं महेश ढ़ीढ़ी ने बताया कि सतनाम भवन के अंदर स्थापित जैतखाम की सामूहिक पूजा अर्चना पश्चात सफेद झंडा धारण किए हुए सात संतों की अगुवाई में दोपहर 2 बजे शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जिसका सामाजिक लोगों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पंथी टोली का नृत्य सबको थिरकने मजबूर कर रहा था। इस दौरान पंथी दलों के लोग पिरामिड बनाकर अपनी कलाबाजियों का शानदार प्रदर्शन किया। ग्रामीण क्षेत्रों से आए अखाड़ा दलों में शामिल बच्चों ने शौर्य का प्रदर्शन करते हुए आत्म सुरक्षा हेतु लाठी भाजना का हुनर दिखाकर रोमांचित किया। शोभा यात्रा में शामिल होने वालों में दुर्गा प्रसाद महेश्वर, सरजूप्रसाद घृतलहरे, महेश ढीढ़ी, अनिल आदिल, संतोष कोसले, भागीरथ बघेल, खोजराम कोसले, हरीश गेंद्र, खुशबू बंजारे, बॉयल रॉबर्ट, जीवन लाल जोशी, मेषराम ढ़ीढ़ी, रमा बंजारे, नेम सिंह बांधे, एसआर सोनवानी, एमपी बांधे, संजय बंजारे, विक्रम राय, नीलकमल आजाद, काशी घृतलहरे, मोहर सिंह चतुर्वेदी, ललित गायकवाड़, चरण दास तेरहवंश, प्रदीप बघेल, जगतरण कोसले, खिलेंद्र बांधे, हर्ष टंडन, हिमांशु टंडन, रोहित मनहर, राकेश धीरहे, ज्वाला माण्डले, राज छोटू, भक्त निराला, प्रेमदास भारती, मंगल दास बघेल, लेखराम गनहरे, ओमप्रकाश कुर्रे, वीरचंद माण्डले, राजेश टंडन, सेवक भतपहरी, महेंद्र सुरतंगे, टेकराम कुर्रे, माहेश्वरी कुर्रे, पुष्पा बंजारे, ऊषा सोनवानी, उर्मिला मीरी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## पैजानी स्कूल में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं



**लवन।** छत्तीसगढ़ सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम दिवस क्वीज प्रतियोगिता, द्वितीय दिवस पेंटिंग एवं तृतीय दिवस फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें शाला के बच्चों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, मां दुर्गा के नवरूप, राधा कृष्ण, सुदामा, छात्र, शिक्षक, शिक्षिका, डॉक्टर, पोस्टमैन, किसान, मजदूर, आदिवासी, पंजाबी, बंगाली वेशभूषा एवं उनके रहन–सहन आदि से संबंधित अभिनय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपस्थित जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यदु, जनपद सदस्य ललिता यदु एवं गांव के सरपंच हलधर वर्मा ने सभी बच्चों के अभिनय की सराहना की। कार्यक्रम में शाला के प्रधानपाठक चूड़ामणि वर्मा, संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारू दास बांधे, ग्राम पंचायत सचिव मनोज धृतलहरे, पूर्व सरपंच अनिता वर्मा, ग्राम प्रमुख कांशीराम यदु, पंच केंवरा वर्मा, निर्मला वर्मा, लकेशरी वर्मा, दिनेश वर्मा, उत्तरा यदु, गणमान्य नागरिक, टीकाराम साहू, नोखराम वर्मा, नंदेलाल वर्मा, लीलाराम वर्मा प्रमोद वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुंदरौतिन वर्मा, लोकमती सोनवानी, अन्तोषी वर्मा, उत्तरा यादव, मितानिन उमा वर्मा, रेखा वर्मा, कमलेश भारद्वाज, शिक्षकों में लोमश कुमार कोसरे, विनोद कुमार पटेल, अरुण कुमार रात्रे, नरेंद्र कुमार साहू, सुकृता सेन, सुनीता ध्रुव, ज्यामिति यदु, हुलसी वर्मा, गीतांजलि पटेल, मनोज वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा व रसोईया उपस्थित थे।

# संघ ने मनाया पेंशनर दिवस शिवरतन शर्मा हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ ने 23वां पेंशनर दिवस धूमधाम से मनाया। समारोह के मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकाश जैन मोदी सदस्य एडवाइजरी पैनल ने की। विशिष्ट अतिथि आशीष जायसवाल एवं नरेश आर्य अध्यक्ष दाल मिल एसोसिएशन थे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं देशभक्ति और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया गया। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन विष्णु देव साय मुख्यमंत्री के नाम पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा को सौंपा। इसमें केंद्र के समान ही देय तिथि से डीए प्रदान करने, डीए घोषणा में बाधक धारा 49 को तत्काल विलोपित करने एवं पेंशनरों को प्रतिमाह 1000 रुपए चिकित्सा भत्ता पेंशन के साथ ही प्रदान करने शामिल हैं। कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों सर्वश्री टीपी बाघमार, एसके अग्रवाल, नारायण साहू, सुनील तिवारी, अजय कुमार सेन, धीरेंद्र वर्मा एवं मंसाराम कुंजाम का प्रतीक चिन्ह लेखनी भेंट कर मुख्य अतिथि ने सम्मान किया।

मुख्य अतिथि शिवरतन शर्मा ने कहा कि वास्तव में पेंशनरों के लिए 17 दिसंबर विजय दिवस है। उन्होंने पेंशनरों द्वारा पूर्व सैनिकों, पत्रकारों एवं 80 वर्ष आयु के पेंशनरों का सम्मान किये जाने की प्रशंसा करते हुए उनसे आग्रह किया कि आप लोग सतत सक्रिय रहे, अपने अनुभव एवं ऊर्जा का समाज एवं देश प्रदेश हित में सदुपयोग करें।पेंशनरों की मांगों पर कहा मुख्यमंत्री के समक्ष मांगें रखुंगा और आपके हित में सार्थक चर्चा करूंगा। सभा को प्रकाश चंद जैन मोदी ने, जायसवाल, दिलीप सिंह बिसेन, आसाराम अनंत, मोहनलाल वर्मा, टीपी बघमार, भागीरथी वर्मा, सत्यनारायण पटेल, बी वर्मा एवं गिरधारी लाल वर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार रघुनाथ प्रसाद पटेल ने व्यक्त किया। संघ के सदस्यों ने अतिथियों का प्रतिक चिन्ह एवं लेखनी भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रकाश जाधव, रमेश वर्मा, अशोक पंत, परेटन लाल साहू, मंटोरा यदु ,सीता केसरवानी, कमल नारायण यदु ,रमेश बड़वार, गणेश राम वर्मा, उत्तम तिवारी, शिवकुमार वर्मा, संतराम साव एवं गैत राम साहू सहित बड़ी संख्या में पेंशनर, पूर्व सैनिक एवं पत्रकारगण उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**लवन।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अहिल्दा के छात्र–छात्राओं को ओडिशा प्रांत के नरसिंहनाथ एवं पतोरा जलाशय का भ्रमण शाला प्रशासन द्वारा कराया गया। इस यात्रा के दौरान छात्र छात्राओं ने भौगोलिक प्राकृतिक दृश्यों का भरपूर आनंद उठाया। बच्चों को पहाड़, झरना, जलप्रपात, विभिन्न प्रकार की वनस्पतियां जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियां जलाशय आदि से रूबरू कराया। साथ ही प्राचीन मंदिर नरसिंहनाथ गुलशन कुमार द्वारा निर्मित पटोरा में शिव मंदिर राजीव गांधी उद्यान का भी भ्रमण कराया गया। बच्चों में उत्साह का माहौल रहा, भ्रमण के दौरान प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा, शिक्षिका शालिनी बाजपेयी, विश्वनाथ कोसले, मोहन कोसले उपस्थित थे।

### भेंट मुलाकात कार्यक्रम अब शुक्रवार को

**महासमुंद।** बुधवार 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती के कारण शासकीय अवकाश होने पर एसडीएम कार्यालय परिसर महासमुंद में पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विमल चोपड़ा और कार्यकर्ताओं द्वारा राजस्व विभाग संबंधी छोटे बड़े प्रकरणों की समस्याओं से पीड़ित लोगों से भेंट कार्यक्रम को स्थगित किया गया है। डॉ. चोपड़ा ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि 18 दिसंबर व आने वाले बुधवार 25 दिसंबर और 01 जनवरी को शासकीय अवकाश होने के कारण अब प्रत्येक शुक्रवार को पीड़ित लोगों की समस्याएं सुनी जाएगी। डॉ. चोपड़ा ने आगे बताया कि आने वाले 20 दिसंबर शुक्रवार को राजस्व विभाग संबंधी प्रकरणों के समस्याओं से पीड़ित लोग एसडीएम कार्यालय परिसर में सुबह 11 बजे उपस्थित होकर अपनी समस्याएं अवगत करा सकेंगे। उपरांत पीड़ित लोगों के प्रकरणों के निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

21 दिसम्बर शनिवार राना मेडिकल, भाटापारा
असाध्य रोग मिटाओ
—होम्योपैथी दवा द्वारा बीमारी का जड़ से निदान—
ठंड में गठियावात (अर्थराइटिस), नशो में दर्द (न्यूरोपैथी)
मूत्र रोग (प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न)
पाईल्स, भंगदर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, (मवाद आना)
चर्म रोग : खूजली, फंगल इंफेक्शन, सफेद दाग
शुगर, बी.पी. थायराइड कोलेस्ट्रॉल यौन समस्या का विशेष उपचार
नि:शुल्क चिकित्सा एवं जांच शिविर
लगभग 1500/- की जांच बिलकुल फ्री
• ECG (हार्ट की जांच), BMI (हड्डी की जांच)
• मोटापे की जांच
• पाईल्स, भंगदर की जांच मशीन द्वारा
• बी.पी. शुगर
रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर
सुबह 10 से 3 बजे
मूत्र रोग : पेशाब करते समय जलन, दर्द, कमजोर धार, ताकत लगाना, रात्रि में पेशाब ज्यादा होना, झाग, बदूब, पेनिस में छाले, UTI, प्रोस्ट्रेट, पेशाब नली की सिकुड़न, यौन कमजोरी
स्त्री रोग : पुराना सिर दर्द (माइग्रेन) PCOD (महीना अच्छे से न आना), सफेद पानी (Leucorrhoea), ब्रेस्ट में गाठ (Fibroadenoma)
पेट एवं गुदा रोग : गैस, भूख न लगना, कब्ज (पेट साफ न होना) पाईल्स, भगन्दर, फिशर, गुदा मार्ग में जलन, दर्द, मवाद एवं खून आना का दवा द्वारा संपूर्ण निदान।

मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन) | डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
कृपया फोन पर अग्रिम रजिस्ट्रेशन करायें
9630634468, 9406004581
भाटापारा - राना मेडिकल, सरकारी अस्पताल के पास भाटापारा
रायपुर स्थाई पता - कटोरा तालाब नेताजी चौक, रायपुर (छ.ग.)

One Way Taxi
अब आपके पास के भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर में उपलब्ध हो गयी है।

CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511


10 जनवरी 2025
मकर संक्रांति स्पेशल
सारे तीरथ बार बार... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघाट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमानंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उग्रतारा, दशमहाविधा, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहाटी
यात्रा दिनांक 10 जनवरी 2025 19 फरवरी 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-28,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)